**UNIVERSITY OF ALLAHABAD**
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
**Allahabad – 211 002, U. P. (INDIA)**
इलाहाबाद –211002,उ0प्र0;(भारत)

पत्रांक /ए0मै0 कार्य0/ 3718/2021 दिनांक– 22.02.2021

**सेवा में,**

**निदेशक,**
**आई०सी०टी सेल,**
**इलाहाबाद विश्वविद्यालय**
**प्रयागराज ।**

महोदय जी,

कृपया निम्नलिखित निविदा सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

## निविदा सूचना

दिनांकः 22.02.2021

विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं/प्रिन्टेड बुकलेटों/ओ0एम0आर0 सीट की रद्दी के विक्रय हेतु सक्षम मिलों/फर्मो से मुहर बन्द निविदायें दिनांक 22.02.2021 से दिनांक 08.03.2021 अपराह्न 3:30 बजे तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में रखे टेण्डर बाक्स में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 10.03.2021 को अपराह्न 3:00 बजे समबंधित समिति के सामने खोली जायेंगी।निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट(www.allduniv.ac.in) पर उपलब्ध है।

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. कुलसचिव ।
2. मुख्य कुलानुशासक ।
3. परीक्षा नियंत्रक ।
4. वित्त अधिकारी ।
5. विश्वविद्यालय पी०आर०ओ को इस निवेदन के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित निविदा सूचना को विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
6. सुरक्षा अधिकारी ।
7. कुलपति महोदया के सचिव को कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ ।
8. जिलाधिकारी कार्यालय प्रयागराज नोटिस बोर्ड ।
9. पी०एच०क्यू० नोटिस बोर्ड ।
10. लोक सेवा आयोग नोटिस बोर्ड ।
11. कर्मचारी चयन आयोग, प्रयागराज।
12. पी०डब्लू०डी नोटिस बोर्ड ।

राजीव मिश्रा
सम्पदा प्रबन्धक

EO/02/2021

# UNIVERSITY OF ALLAHABAD
**Prayagraj – 211 002, U. P. (INDIA)**
**इलाहाबाद विश्वविद्यालय**
**प्रयागराज – 211 002, उ0प्र0 (भारत)**

**इलाहाबाद विश्वविद्यालय की सत्र 2017–2018 की वार्षिक परीक्षाओं में प्रयुक्त लिखित उत्तर पुस्तिका, विश्वविद्यालय के प्रवेश परीक्षा सत्र 2018–2019 की लिखित ओ0एम0आर0 सीट तथा छपी हुई बुकलेटों की रद्दी के विक्रय के लिए बन्द बोली के आधार पर निर्गत किये जाने वाली निविदा के नियम एवं शर्ते –**

1. विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं/प्रिन्टेड बुकलेटों / ओ0एम0आर0 सीट की रद्दी के विक्रय हेतु सक्षम मिलों/फर्मो से मुहर बन्द निविदायें दिनांक 22.02.2021 से दिनांक 08.03.2021 अपराह्न 3:30 बजे तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में रखे टेण्डर बाक्स में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 10.03.2021 को अपराह्न 03:00 बजे समबंधित समिति के सामने खोली जायेंगी।

2. निविदा हेतु न्यूनतम बोली दरें निम्नवत है।

**i. उत्तर पुस्तिका रू0 19/– प्रति कि0ग्रा।**

**ii– बुकलेट रू0 15/– प्रति कि0ग्रा।**

**iii– लिफाफे की रद्दी रू0 2.50/– प्रति कि0ग्रा।**

**iv– अन्य प्रकार के लिफाफे की रद्दी रू0 6.50/– प्रति कि0ग्रा।**

**v- ओ0एम0आर0सीट. रू0................**

3.निविदा में अधिक दर देने वाली फर्म को विधिवत कार्य को सम्पन्न करने के लिए निर्गत होने वाले कार्यादेश के अनुसार रद्दी उठानी होगी ।

4.रद्दी की तौल विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित धर्म कांटा पर होगी । जिस निविदा दाता को लिखित उत्तर पुस्तिका छपी हुई बुकलेटों एवं अन्य को क्रय करने का कार्यादेश दिया जायेगा, उसे विश्वविद्यालय से रद्दी उठाने के पूर्व **रू0 50,000/- (पचास हजार रू0 मात्र/–)** की धरोहर धनराशि विश्वविद्यालय में अग्रिम के रूप में जमा करना होगा। जिसका समायोजन वास्तविक मात्रा के मूल्य के आधार पर किया जायेगा । तदनुसार ही धनराशि जमा या वापस करनी होगी ।

5.रद्दी उठाने तथा पैंकिग आदि की व्यवस्था एवं इनसे सम्बन्धित लेबर खर्च कापियों की लोडिंग/अनलोडिंग तथा खाली बोरी यदि लगाई जाती है, तो उस पर आने वाला व्यय निविदादाता को ही वहन करना होगा । विश्वविद्यालय इसकी कोई व्यवस्था नहीं करेगा और न ही इस पर अतिरिक्त व्यय का वहन करेगा ।

Estate Office
Allahabad University

6.जिस निविदादाता को लिखित उत्तर पुस्तिका क्रय करने का कार्यालय आदेश दिया जायेगा, उसी निविदादाता को उत्तर पुस्तिकाओं से लिफाफे की रद्दी स्वंय अलग करानी होगी । विश्वविद्यालय इस कार्य के लिए कोई व्यवस्था नहीं करेगा और न ही कोई अतिरिक्त व्यय वहन करेगा । इस कार्य हेतु भार में कोई अनुरोध प्रिन्टेड (छपी हुई बुकलेटों) को स्वीकार नही किया जायेगा ।

7.निविदा किसी भी कार्यालय अवधि में **बन्द बोली के आधार पर** सीलबन्द लिफाफे पर **लिखित उत्तर पुस्तिकाओं, ओ0एम0आर0 सीट, बुकलेटों क्रय हेतु निविदा"** अंकित कर के संलग्न फार्म एंव मांगे गये सभी दस्तावेजो के

साथ जमा करना होगा तथा वह निविदा **परिक्षा नियंत्रक कार्यालय** में रखे टेन्डर बाक्स में निर्धारित तिथि के अन्दर डाली जायेगी ।

8.विश्वविद्यालय कोई भी निविदा या समस्त निविदायें बिना कारण बताये निविदा प्रक्रिया अवधि में कभी भी निरस्त करने के लिए सक्षम होगा ।

9.निविदादाता को धरोहर धनराशि **रू0 10,000/— (दस हजार रूपये मात्र/—)** का बैंक ड्राफ्ट जो कि **वित्त अधिकारी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज** के नाम देय हो निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ।

10.यदि रद्दी विक्रय में कोई कर देय होता है तो उक्त व्यय भार निविदादाता द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा । कर सम्बन्धी समस्त अदेयता प्रमाण पत्र फर्म को ही देना होगा तभी सुरक्षा धनराशि की वापसी सम्भव होगी ।

11.यदि निविदादाता की दरें स्वीकार की जाती है और निविदादाता उपरोक्त रद्दी निर्धारित अवधि में क्रय करने में असमर्थ रहता है तो उक्त निविदादाता की जमानत धनराशि **रू0 50,000/- (पचास हजार रू0 मात्र/—)** जब्त कर ली जायेगी तथा रद्दी का नियमानुसार निस्तारण / ब्रिकी किसी अन्य फर्म को करने के लिए विश्वविद्यालय स्वतन्त्र होगा ।

12.विवाद की स्थिति में कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज का निर्णय अंतिम होगा तथा उभय पक्षों पर बाध्यकारी होगा ।

13.समस्त प्रकार के रद्दी एवं कागज निर्माण करने वाली मिलें अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि को ही क्रय की गई रद्दी का निस्तारण क्रेता द्वारा किसी भी दशा में खुले बाजार में नहीं किया जायेगा अन्यथा की दशा में नियमानुसार कार्यवाही अवश्य ही की जायेगी । जिसके लिये क्रेता फर्म स्वंय उत्तरदायी होगी ।

मुझे उक्त सभी शर्ते स्वीकार है एवं उक्त सभी शर्तों पर मैं निविदा में उल्लिखित रद्दी क्रय करने को तैयार हूँ ।

**तिथि** .......................................  **निविदादाता का नाम हस्तारक्षर** ..........................................

**फर्म का नाम एवं पूरा पता** ...............................................................................................

**मेबाईल नं0** .................................................................................... ........................

Estate Office
Allahabad University

**UNIVERSITY OF ALLAHABAD**
**Prayagraj – 211 002, U. P. (INDIA)**
**इलाहाबाद विश्वविद्यालय**
**प्रयागराज – 211 002, उ0प्र0 (भारत)**

**निविदा प्रपत्र लिखित उत्तर पुस्तिकाओ, लिखित ओ0एम0आर0 सीट,एंव प्रिन्टेड बुकलेटो के रददी के लिए**

1.निविदा दाता के फर्म का नाम एवं पूरा पता : ........................
2.दूरभाषा / मोबाइल नम्बर : ..........................
3.फर्म का रजिस्ट्रेशन नम्बर : ......................
4.फर्म का जी0एस0टी नम्बर : ......................
5.पैन : ......................
6.संलग्न सुरक्षा धनराशि का विवरण : ......................

(i) लिखी हुई उत्तर पुस्तिकाओं की रद्दी कय हेतु दर प्रति कि0ग्रा0 शब्दो में ................................

अंको में ................................

(ii) प्रिन्टेंड बुकलेटो की रद्दी कय हेतु दर प्रति कि0ग्रा0 शब्दो में ................................

अंको में ................................

(iii) अन्य प्रकार की रददी कय हेतु दर प्रति कि0ग्रा0 शब्दो में ................................

अंको में ................................

(iv) लिफाफे की रददी कय हेतु दर प्रति कि0ग्रा0 शब्दो में ................................

अंको में ................................

(v) ओ0एम0आर0सीट शब्दो में ................................

अंको में ................................

उपरोक्त निविदा प्रपत्र एवं शर्ते मेरे द्वारा भलीभॉति पढ ली गयी हैं तथा निहित नियम एंव शर्ते मुझे मान्य है।

**तिथि : ..........** **निविदा दाता का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर : .................**
**संलग्नक**

Estate Office
Allahabad University